## PRELIM 1 2020 – 21

**Std: X** **Marks: 80**

**Date: 26/02/21** **Subject: HINDI** **Dur. : 3 Hrs**

SECTION A (40 MARKS )
Attempt **all** questions

**Question 1**

Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any **one** of the following topics :-
निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग २५०शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए 15


i. `भारत की संस्कृति कृषक संस्कृति है |'उक्ति को आधार बनाकर किसानों की दशा का वर्णन कीजिए तथा समझाकर लिखिए कि भारत को कृषि प्रधान देश क्यों कहा जाता है|

ii. नगर के बढ़ते हुए प्रदूषण को नियंत्रित करने में बाग़ बगीचों का महत्त्व स्पष्ट कीजिए |

iii. `ऊँचे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए माता- पिता तथा अध्यापकों द्वारा बच्चों पर डाला जाने वाला दवाब अनुचित है |'-विषय के पक्ष या विपक्ष में अपने विचार दीजिए |

iv. `अरे मित्र ! तुमने तो सिद्ध कर दिया कि तुम ही मेरे सच्चे मित्र हो |'इस पंक्ति से आरंभ करते हुए कोई कहानी लिखिए |

v. नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिये अथवा कहानी लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए |



**Question 2**

Write a letter in Hindi in approximately 120 words on any **one** of the topics given below :-

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में पत्र लिखिए | 7

(i) आपके क्षेत्र में साधारण सा सरकारी अस्पताल है, जिसके कारण आम जनता को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है | उन परेशानियों का उल्लेख करते हुए एक और सुविधापूर्ण सरकारी अस्पताल खुलवाने का अनुरोध करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए |

(ii) आस्ट्रेलिया में भारतीय क्रिकेट टीम के शानदार प्रदर्शन से आपको बहुत प्रसन्नता हो रही है |इस वर्ष भारतीय क्रिकेट टीम की उपलब्धियों को बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए |

**Question 3**

Read the passage given below and answer in Hindi the questions that follow, using your own words as far as possible:-

नीचे लिखे गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए |

यह शरीर तो दुखों से भरा हुआ है फिर हम इसको और दुखी क्यों बनाए ? क्यों न इस शरीर से हम दूसरों के दुखों को कुछ कम करें ?यही हमारी सच्ची भक्ति है ,यही साधना है ,यही जप-तप है |इससे बढ़कर पुण्यशाली कार्य और कुछ नहीं है |एक बात और भी है कि जब हम कोई अच्छा कार्य करते हैं ,तो मन प्रसन्न रहता है |आप कभी किसी भूखे को भोजन कराइए - जितना आनंद उस भूखे की भूख मिटाने में आयेगा ,उससे कई गुना आनंद आपको भोजन खिलानें में आयेगा |जो आनंद राजा शिवि को कबूतर के प्राण बचानें हेतु अपना मांस काटकर बाज़ को देने में आया होगा |उनके इस त्याग को देखकर आज भी श्रद्धा से उनका नाम लिया जाता है |इसी प्रकार राजा हरिश्चन्द्र को जो आनंद राज्य दान करने में आया था ,वह राज्य भोगने में नहीं आया होगा |इसी प्रकार परोपकार के अनेक उदाहरण मिलेंगे|

प्रकृति भी दूसरे की भलाई के लिए सदैव तत्पर रहती है | पेड़ फलों से लदे रहतें है पर स्वयं उन्हें नहीं खाते हैं |वह हमारे लिए ही इतने कष्ट सहन करतें हैं |नदीं के पानी को न जाने कितने प्रकार से हम प्रयोग में लातें हैं ,परन्तु नदीं सब कुछ सहन करके हमारी पिपासा शांत करती है |इस प्रकार कोई भी धर्म ऐसा नहीं है जो हमारी परोपकार की भावना का विरोध करे |सबने एकमत होकर कहा , 'यदि हम किसी का भला न कर सके तो कम से कम किसी का नुक्सान न करें |जहाँ तक हो सके दूसरों की मदद करें |

वही सच्चा मानव है वही सच्चा जीवन है ,वही धन्य है जिसका जीवन दूसरों के हित में लगा हुआ है | जो दूसरों के हित के लिए अपना जीवन व्यतीत कर रहें हैं , इससे बड़ा पुण्य उनके जीवन मेंऔर कोई नहीं है |यही उनके लिए कोटि यज्ञों का फल है ?यही तीर्थ है |वे तो मनुष्य में ही विश्वनाथ की तस्वीर देखतें है |

**(i)** मानव की सच्ची भक्ति क्या है?जब हम कोई अच्छा कार्य करतें हैं तो क्या अनुभव करते हैं? 2

(ii) प्रकृति मानव को परोपकार की शिक्षा कैसे देती है ? 2

(iii) संसार में सबसे बड़ा पुण्य क्या होता है ? 2

**(iv)**राजा हरिश्चंद्र और राजा शिवि ने परोपकार के क्या -क्या कार्य किए थे ? 2

**(v)** गद्यांश से आपको क्या सन्देश मिलता है ? 2

**Question** 4

Answer the following according to the instructions given:-

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए -

(i) भाववाचक संज्ञा बनाइए | 1

उचित , स्व

(ii) निम्नलिखित शब्दों से विशेषण बनाइए | 1

अलंकार , उच्चारण

(iii) निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही दो शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए | 1

आविर्भाव , त्याज्य , भविष्य , जाग्रत

(iv) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो-दो पर्यायवाची लिखिए | 1

चांदनी , कृपा

(v) निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक मुहावरे की सहायता से वाक्य बनाइए | 1

- जूतियाँ चटकाना
- तिल धरने की जगह न होना

(vi) दिए गए निर्देशों के अनुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए |

a) खिलाड़ी खेलते हैं | (संदिग्ध वर्तमान काल में बदलिए) 1

b) सूर्योदय हुआ और पक्षी बोलने लगे |( ही का प्रयोग कर वाक्य बनाइए ) 1

c) उस बालक की बुद्धि तीव्र नहीं है |(`मंदबुद्धि' शब्द का प्रयोग करके वाक्य पुन: लिखिए) 1

SECTION B (40 Marks )

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं और सभी के अंक सामान हैं |

## साहित्य-सागर

**Question 5**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :-
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्न हिन्दी में लिखिए |

"रुपया कमाने का यह कितना आसान तरीका है | मैं सारा दिन मजदूरी करता हूँ तब महीने भर दस रूपये हाथ आते हैं |"

`बात अठन्नी की'

कहानीकार -सुदर्शन

(i) इस कथन का वक्ता कौन है और वह क्या करता है ? 2
(ii) प्रस्तुत वाक्य में रुपया कमाने का आसान तरीका किसे बताया गया है ? 2
(iii) "मैं सारा दिन मजदूरी करता हूँ "यह विचार वक्ता के दिमाग में कब और क्यों आया ? 3
(iv)
(v) इस कहानी में लेखक ने समाज की कौन सी बुराई को प्रकट करने का प्रयास किया है ? वह अपने प्रयास में सफल हुए ?समझाकर लिखिए | 3

**Question 6**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :-
**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्न हिन्दी में लिखिए |**

"नेता जी सुंदर लग रहे थे | कुछ -कुछ मासूम और कमसिन |फौजी वर्दी में | मूर्ति को देखते ही `दिल्ली चलो ' और `तुम मुझे खून दो .......'वगैरह याद आने लगते थे |

`नेता जी का चश्मा'

कहानीकार - स्वयं प्रकाश

(i) मूर्ति किसकी थी और वह कहाँ लगाईं गई थी ? 2
(ii) यह मूर्ति किसने बनाई थी और इसकी क्या विशेषताएँ थी ? 2
(iii) मूर्ति में क्या कमी थी ? और वह कमी को कौन पूरा करता था और कैसे ? 3
(iv) नेता जी का परिचय देते हुए बताइये कि चौराहे पर उनकी मूर्ति लगाने का क्या उद्देश्य रहा होगा ? क्या इस उद्देश्य में सफलता प्राप्त हुई ?स्पष्ट कीजिए| 3

**Question 7**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :-
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्न हिन्दी में लिखिए |

आनंदी मुंह फेरकर बोली , `हाथी मरा भी तो नौ लाख का |'

\`बड़े घर की बेटी'

कहानीकार -प्रेमचंद

(i) आनंदी की इतनी तीव्र प्रतिक्रया करने का क्या कारण था ? 2

(ii) आनंदी के मैके और ससुराल के वातावरण में क्या अंतर था ? 2

(iii) \`हाथी मरा भी तो नौ लाख का' इस कथन का प्रतीकात्मक प्रयोग किसके लिए किया गया है और क्यों ? 3

(iv) सम्मिलित कुटुंब के विषय में कहानी के किस पात्र द्वारा क्या विचार व्यक्त किए गए हैं आप इन विचारों से सहमत है तर्कपूर्ण उत्तर लिखिए | 3

एकांकी संचय

**Question 8**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :-
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्न हिन्दी में लिखिए |

तू एक बार मुझे उसके पास ले चल |वह निर्मम है ,पर मैं माँ हूँ ,मुझे निर्मम नहीं होना चाहिए |मैं उसके पास चलूँगी |

\` संस्कार और भावना'

एकांकीकार -विष्णु प्रभाकर

(i) वक्ता कौन है और वह किससे किसके पास ले चलने की बात कर रहा है ? 2

(ii) निर्मम कौन है और क्यों स्पष्ट कीजिए ? 2

(iii) माँ उसके पास जाने के लिए इतनी व्याकुल क्यों थी ?समझाकर लिखिए | 3

(iv) इस एकांकी से हमें क्या संदेश प्राप्त होता है ? स्पष्ट कीजिए | 3

**Question** 9

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :-
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्न हिन्दी में लिखिए |

लो इस दीपक को | यह मेरा दीपदान है |

\`दीपदान'

एकांकीकार - रामकुमार वर्मा

(i) वक्ता किसके समक्ष दीपदान करना चाहता था ? क्या उसे सफलता प्राप्त हुई ? 2

(ii) वह अपने इस क्रूर कृत्य को दीपदान क्यों कह रहा है ?वास्तव में दीपदान करने में कौन सफल हुआ ?

2

(iii) वक्ता के अनुसार आज उसके अतिरिक्त और किसने दीपदान किया है ?उसका संक्षिप्त वर्णन कीजिए|

3

(iv) `दीपदान’ को प्रेरणादायक एकांकी क्यों कहा गया है ?इसका उद्देश्य स्पष्ट कीजिए | 3

**Question 10**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :-

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्न हिन्दी में लिखिए |

तुम्हें शिकायत थी कि कोई तुम्हारा आदर नहीं करता ,अब सब तुम्हारा आदर करते हैं |

`सूखी डाली’

एकांकीकार-उपेन्द्रनाथ`अश्क’

(i) वक्ता और श्रोता कौन-कौन हैं ? दोनों की पारिवारिक पृष्ठभूमि में क्या अंतर था ? 2

(ii) श्रोता की मन:स्तिथि का वर्णन करते हुए बताइए कि उसकी क्या शिकायत थी ? 2

(iii) वक्ता का यह कथन किस सन्दर्भ में व्यक्त हुआ है?श्रोता की इस कथन पर क्या प्रतिक्रया होती है? 3

(iv) परिवार में स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए किन बातों की आवश्यकता होती है? एकांकी के आधार पर उत्तर लिखिए और एकांकी के शीर्षक का औचित्य स्पष्ट कीजिए ? 3

xxxxxxxxx